उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## बुधवार, 25 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1944

( दिनांक : 15 जून, 2022 )

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "**क**")

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी "**ख**")

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री मोहन सिंह माहरा, सदस्य, विधान सभा "जनपद-अल्मोड़ा के विकास खण्ड धौलादेवी के अन्तर्गत धौलादेवी खेती मोटर मार्ग से ग्राम-माडम तक लिंक मोटर मार्ग बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री हरीश राम, ग्राम-माडम, पो0-सौलासिलंग, जनपद-अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

10. वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

11. संसदीय कार्य मंत्री निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे :-

"मैं प्रस्ताव करता हूँ कि 'उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973' (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) की धारा 22(1)(xv) व (2) में उपबंधित व्यवस्थानुसार कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में विश्वविद्यालय की सभा (कोर्ट) में राज्य विधान मंडल के प्रतिनिधि के रूप में विधान सभा के पांच माननीय सदस्यों को तीन वर्ष की अवधि के लिए सदस्य नामित करने हेतु यह सदन माननीय अध्यक्ष, विधान सभा को प्राधिकृत करता है तथा इस प्रकार नामित सदस्य विधान सभा द्वारा विधिवत् निर्वाचित समझे जायेंगे।"

12. संसदीय कार्य मंत्री निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे :-

"मैं प्रस्ताव करता हूँ कि 'उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद् अधिनियम, 2016' की धारा 3 की उपधारा 3 के खण्ड (ड) व (च), के अन्तर्गत उपबंधित व्यवस्थानुसार क्रमशः एक सुन्नी मुस्लिम राज्य विधान सभा सदस्य एवं एक शिया मुस्लिम राज्य विधान सभा सदस्य को परिषद् में नामित करने, यदि राज्य विधान सभा में कोई शिया सदस्य उपलब्ध न हो तो दो सुन्नी मुस्लिम विधायकों को, इसी प्रकार सुन्नी मुस्लिम विधायकों की अनुपलब्धता की स्थिति में दो शिया मुस्लिम विधायकों को उपधारा 5 के खण्ड (ख) में उपबं

धित व्यवस्थानुसार परिषद् में सदस्य नामित करने, जिन्हें विधान सभा द्वारा निर्वाचित किये जाने का प्रावधान है, हेतु यह सदन माननीय अध्यक्ष, विधान सभा को प्राधिकृत करता है तथा इस प्रकार नामित सदस्य विधान सभा द्वारा विधिवत् निर्वाचित समझे जायेंगे।"

13. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

14. पिछ्ले 19, 20 वर्षो से दुर्गम/अति दुर्गम रा0प्रा0वि0 में कार्यरत डी0एल0एड0 प्रतिशिक्ष शिक्षा मित्रों को (स0अ0) के पदों पर कार्यरत औपबंधित शिक्षा मित्रों के समान वेतन न दिये जाने के कारण उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 जून, 2022 को दी गई सूचना पर शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

15. डोईवाला विधान सभा के अन्तर्गत कन्या विद्यालय सुनारगांव अठूरवाला का नाम सोना देवी कन्या विद्यालय किये जाने के सम्बन्ध में श्री बृजभूषण गैरोला, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 जून, 2022 को दी गई सूचना पर शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 14 जून, 2022**

**(मुकेश सिंघल)**
**सचिव।**

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**बुधवार,**

**25 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1944**

(दिनांक : 15 जून, 2022)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.06.2022 | ** क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में राशनकार्डों के निरस्त कराये जाने के सरकारी आदेश से जनता में भ्रम व निराशा का वातावरण बना हुआ है? क्या सरकार बतायेगी कि बिना आर्थिक सर्वेक्षण कराये राशनकार्डों को निरस्त कराया जाना उचित है? क्या यह सत्य है कि ग्रामीण जनता द्वारा पूर्व में किये गये सर्वेक्षण में हुई खामियों तथा पात्रता निर्धारण में हुई भारी अनियमितता में सुधार के लिए बार–बार सरकार से मांग की जाती रही है? क्या सरकार प्रचलित आदेश पर तत्काल रोक लगाकर पारदर्शी सर्वेक्षण के पश्चात् राशनकार्डों पर निर्णय लेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| श्री प्रीतम सिंह<br>06.06.2022 | ** क्या पुनर्गठन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हाल ही में उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड में परिसम्पत्तियों का बंटवारा पूरा हो चुका है ? यदि हां, तो सरकार लोक हित में परिसम्पत्तियों के बंटवारे पर श्वेत पत्र जारी करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पुनर्गठन |

नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>09.05.2022 | *01. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में पति और पत्नी, दोनों को वृद्धावस्था पेंशन की पात्रता होने पर वृद्धावस्था पेंशन से लाभान्वित किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या ऐसी पेंशन की पात्रता के लिए कुछ मानक बनाये गये हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी को ज्ञात है कि इन मानकों के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं, वृद्धावस्था पेंशन पाने से वंचित हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन मानकों को शिथिल करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक मानक शिथिल किये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>10.05.2022 | *02. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम के संचालन में सरकार को अब तक कितनी राजस्व क्षति हुई है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि सरकार द्वारा परिवहन निगम को लाभ में लाने के लिए क्या–क्या प्रयास किये गये है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.05.2022 | *03. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में डिजिटल राशन कार्डो को तैयार कर कार्ड धारकों उपलब्ध करा दिये गये है ? क्या सरकार बतायेगी कि जनपदवार डिजिटल राशनकार्डो के हस्तान्तरण का विवरण क्या है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि डिजिटल राशन कार्ड के बनाने का कार्य कब प्रारम्भ किया गया और इसकी नियत समय सीमा क्या थी तथा इसके वितरण में देरी के क्या कारण है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि डिजिटल राशन कार्डो का वितरण कब तक पूर्ण करा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>11.05.2022 | *04. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इस समय विश्व में ईधन की कीमतों में वृद्धि एवं पर्यावरण प्रदूषण को नियन्त्रण करने के दृष्टिगत इलेक्ट्रिक वाहनों को उत्तराखण्ड में प्रोत्साहित करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो उस योजना का प्रारुप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>11.05.2022 | *05. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य की घृत–बाहती–चांहग जाति राज्य में 9 नवम्बर, 2003 में अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित की गयी थी, लेकिन अभी तक घृत–बाहती–चांहग जाति को केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित नही किया गया है ? क्या यह सत्य है कि घृत–बाहती–चांहग जाति पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, पंजाब प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय सूची में पहले से ही सम्मिलित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में रहने वाली घृत–बाहती–चांहग जाति को केन्द्रीय सूची में सम्मिलित करने के लिए कोई कार्यवाही की गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>12.05.2022 | *06. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में भारत सरकार के तत्वाधान में समन्वित बाल विकास संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्रवर्तकता योजना संचालित है ? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि उत्तराखण्ड राज्य में प्रवर्तकता योजना का लाभ पाने व पात्र होने हेतु पारिवारिक आय, नगरीय क्षेत्रों में रु0 30,000 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रु0 24,000 वार्षिक है, जिसके कम होने के कारण अधिकांश परिवार एवं बच्चे इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं ? यदि हां, तो क्या प्रदेश सरकार पारिवारिक आय की सीमा को बढ़ाकर एक समान रु0 75000 एवं बच्चों को लाभ की सीमा को बढ़ाकर रु0 5000.00 करने हेतु राज्य सरकार द्वारा सरकार केन्द्र को लाभ की सीमा बढ़ाने की कोई प्रस्ताव भेजने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>17.05.2022 | *7. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं में प्रदेश के सभी बुजुर्गो (स्त्री–पुरुष), विधवा महिला, विकलांग, परित्यक्ता महिला आदि को पेंशन प्रदान की जाती है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में उक्त पात्र लोगों को पेंशन स्वीकृत किये जाने हेतु ग्राम पंचायत के माध्यम से तथा शहरी क्षेत्र में लेखपाल/पटवारी, तहसीलदार तथा उप जिलाधिकारी के माध्यम से फार्म अग्रसारित किये जाते है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि शहरी क्षेत्र में लाभार्थी के फार्म अग्रसारित किये जाने हेतु शासन द्वारा फार्म पर पार्षद/सदस्य के हस्ताक्षर के बिना पेंशन स्वीकृत न किये जाने हेतु शासनादेश जारी किया गया है ? क्या यह सत्य है कि बिना पार्षद/सदस्य के हस्ताक्षर के जमा होने वाले फार्म या तो लौटा दिये जाते है या नामंजूर कर दिये जाते है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस सम्बन्ध में जारी किये गये शासनादेश की प्रति उपलब्ध करायेगी और यदि इस प्रकार का कोई शासनादेश नहीं है तो क्या ऐसे अधिकारियों के विरुद्व कठोर कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>19.05.2022<br>श्रीमती रेनू बिष्ट<br>24.05.2022 | *8. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2015–16 तथा 2017 में शासन की गौरा देवी योजना के लाभ से वंचित रह गई बालिकाओं को भी योजना का लाभ दिए जाने के सम्बन्ध में मा0 मुख्यमंत्री द्वारा विधान सभा के वर्ष 2021 के द्वितीय सत्र दिनांक 24.08.2021 को सदन में घोषणा की गई थी ? यदि हां, तो क्या इस सम्बन्ध में शासनादेश जारी कर वंचित बालिकाओं को लाभान्वित कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो मुख्यमंत्री जी की सदन में की गई घोषणा के प्रति लापरवाही अपनाए जाने के क्या कारण हैं ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुमित हृदयेश<br>05.05.2022 | 01. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी में अन्तर्राज्यीय बस अड्डा का निर्माण स्वीकृत किया गया था ? यदि हां, तो उक्त बस अड्डे के निर्माण की प्रगति की वर्तमान स्थिति क्या है ? क्या सरकार उक्त बस अड्डे का निर्माण प्रारम्भ करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री सुमित हृदयेश<br>05.05.2022<br>डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>25.05.2022 | 02. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम, जिसका लोकार्पण कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में 2016 में पूर्ण हो चुका था, का हस्तान्तरण खेल विभाग को कब किया जायेगा ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस स्टेडियम में राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर के खेलों का आयोजन कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री राजेन्द्र सिंह भण्डारी<br>05.05.2022 | 03. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र बद्रीनाथ के अन्तर्गत जोशीमठ एवं पोखरी में खेल मैदान के निर्माण के लिए वर्ष 2019 से 2022 तक कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त खेल मैदान की वर्तमान में क्या स्थिति है तथा किन–किन मदों से खेल मैदान के निर्माण हेतु धनराशि निर्गत की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.05.2022 | 04. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी में भिलाडू खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए कुल कितनी धनराशि शासन द्वारा स्वीकृत की गयी थी ? क्या यह सत्य है कि 26 अप्रैल, 2016 को प्रथम किश्त के रुप में 33.33 लाख की धनराशि खेल विभाग को हस्तान्तरित किये जाने के बाद भी खेल स्टेडियम का निर्माण स्थगित है ? क्या सरकार जनहित में उक्त खेल स्टेडियम का निर्माण प्राथमिकता के साथ करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>05.05.2022 | 05. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के जसपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार व्यापक जनहित में जसपुर में परिवहन निगम के बस डिपो का निर्माण कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.05.2022 | 06. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर, भगवानपुर वर्तमान में राजकीय इण्टर कालेज छाप्पुर, शेर अफगानपुर में संचालित किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विद्यालय हेतु स्थानीय भवन का निर्माण कब तक कर लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>05.05.2022 | 07. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के जसपुर विधान सभा क्षेत्र में निर्माणाधीन स्टेडियम का निर्माण कार्य सरकार द्वारा कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री भुवन चन्द्र कापड़ी<br>05.05.2022 | 08. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में ऑनलाईन राशन कार्ड प्रकिया आरम्भ होने से पूर्व कितने राशन कार्ड थे और प्रदेश में प्रतिमाह कुल कितना राशन आवंटित हो रहा था ? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि ऑनलाईन प्रक्रिया के पश्चात कितने राशन कार्ड ऑनलाईन हुए हैं तथा ऑनलाईन प्रक्रिया में प्रतिमाह कितना राशन आवंटित हो रहा है? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा<br>06.05.2022 | **द्वितीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–05 में स्थानान्तरित।**<br>09. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के काशीपुर शहर में निजी बसों एवं ट्रकों के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिति बनी रहती है ? यदि हां, तो क्या इस समस्या के निदान हेतु काशीपुर में ट्रान्सपोर्ट नगर की स्थापना कराया जाना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा काशीपुर के एस्कार्ट फार्म में सिडकुल के पास उपलब्ध भूमि में ट्रान्सपोर्ट नगर बनाये जाने का निर्णय लिया गया है ? यदि हां, तो इसका शासनादेश कब तक जारी होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा<br>06.05.2022 | 10. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के काशीपुर में काशीपुर–बाजपुर मार्ग पर रेलवे क्रासिंग पर बन रहे आर0ओ0बी0 का काम शासन द्वारा उक्त स्थान पर पूर्व से निर्मित बस अड्डे एवं वर्कशाप को स्थानान्तरित न किए जाने से अवरुद्ध है ? यदि हां, तो क्या बस अड्डे एवं वर्कशाप को स्थानान्तरित किए जाने एवं नये बस अड्डे का निर्माण कराए जाने हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है ? यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा<br>06.05.2022 | 11. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि कुमायूँ मण्डल की जनता को राजधानी पहुंचने के लिए रामनगर से कोई भी सीधी रेल सेवा उपलब्ध न होने के कारण जनता को बसों के माध्यम से आवागमन करना पड़ता है, जिसमें काफी समय एवं धन की बर्बादी होती है ? यदि हां, तो क्या रामनगर से देहरादून तक सीधी रेलगाड़ी का परिचालन किए जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा रेल विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली को कोई प्रस्ताव भेजा गया है ? यदि हां, तो सम्बन्धित रेलगाड़ी के परिचालन की स्वीकृति रेल मन्त्रालय द्वारा प्रदान कर दी गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>06.05.2022 | 12. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व विधवा महिला की पुत्री के विवाह हेतु कितनी राशि अनुदान हेतु दी जाती है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विगत तीन वर्ष से वर्तमान तक जनपद हरिद्वार में शादी अनुदान हेतु कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए और कुल कितने लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है ? क्या सरकार वंचित रह गये पात्र अभ्यर्थियों को भी शीघ्र लाभान्वित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>06.05.2022 | 13. क्या समाज कल्याण मंत्री के संज्ञान में हैं कि प्रदेश में दिव्यांगो हेतु समान पेंशन योजना लागू है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि ऐसे दिव्यांग जो पूर्ण रूप से माता–पिता पर आश्रित हैं एवं माता–पिता की मृत्यु के पश्चात असहाय हो जाते है ? यदि हां, तो क्या राज्य सरकार इसी श्रेणी में मानसिक रूप से दिव्यांगो हेतु रूपये 10,000 (दस हजार) की मासिक सहायता राशि देने पर विचार करेगी, जिससे उनके परिवार के लोग उनकी देख–भाल कर सकें ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>06.05.2022 | **द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–02 में स्थानान्तरित।**<br>14. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वर्तमान में कितनी आय तक के व्यक्तियों को बी.पी.एल. श्रेणी में रखा गया है तथा बी.पी.एल. आय निर्धारण का आधार क्या है ? क्या सरकार बी0पी0एल0 श्रेणी की आय सीमा को बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| श्री फुरकान अहमद<br>09.05.2022 | 15. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के अल्पसंख्यकों के हितों हेतु वर्तमान बजट में कब्रिस्तान/श्मशान घाट की चाहरदीवारी हेतु धनराशि का प्रावधान किया गया है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री फुरकान अहमद<br>09.05.2022 | 16. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त मदरसों को अनुदान सूची में सम्मिलित किये जाने पर विचार किया जा रहा है ? यदि हां, तो कितने मदरसों को अनुदान सूची में कब तक सम्मिलित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री फुरकान अहमद<br>09.05.2022 | 17. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त मदरसों को शिक्षा विभाग के अशासकीय विद्यालयों के बराबर सुविधाऐं, जैसे वर्दी, निःशुल्क किताबें, शिक्षण सामग्री, लघु मरम्मत आदि देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्पसंख्यक कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>10.05.2022 | 18. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों यथा उपजिलाधिकारी, तहसीलदार को दिये जाने वाले वाहनों के मानक क्या है ? क्या यह भी सत्य है कि उन्हें प्रदान किये जा रहे वाहन उच्च गुणवत्तायुक्त न होने के कारण अधिकारी दुर्घटना में घायल हो रहे तथा अपनी जान गवां रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त श्रेणी के अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता एवं एयर बैग युक्त वाहन प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>10.05.2022 | 19. क्या परिवहन मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के लालकुआं नगर के आस–पास निवासरत् रेलवे स्टेशन, सेन्चुरी पेपर मिल, आंचल दूग्ध संघ एवं गौला नदी में कार्य करने वाले लगभग 9 से 10 हजार लोगों को प्रतिदिन अन्य राज्य जैसे दिल्ली, लखनऊ से आवागमन हेतु रूद्रपुर या हल्द्वानी बस स्टेशन जाना पड़ता है ? क्या यह सत्य है कि लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बरेली रोड में बस स्टैण्ड बनाने की लालकुआं नगरवासियों की मांग शासन स्तर पर लम्बित है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि शासन स्तर इस पर क्या कोई कार्यवाही अमल में लायी जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>10.05.2022 | 20. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बिन्दुखत्ता में अशोक चक्र से सम्मानित शहीद स्व0 मोहन नाथ गोस्वामी के नाम पर स्टेडियम बनाने की प्रक्रिया अवरुद्ध होने के क्या कारण है ? क्या सरकार द्वारा क्षेत्रवासियों की इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण कराने हेतु कोई कार्यवाही गतिमान है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>11.05.2022 | 21. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि राज्य के परिवहन निगम के कर्मचारियों को कई माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है ? यदि हां, तो सरकार परिवहन निगम के कर्मचारियों को वेतन का भुगतान कब तक करना सुनिश्चित करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| इंजी रवि बहादुर<br>12.05.2022 | 22. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र ज्वालापुर के अंतर्गत अंत्योदय, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा के कुल कितने राशन कार्ड धारक है और उसमें कितने राशन कार्ड ऑनलाइन नहीं हैं ? | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| श्री उमेश कुमार<br>13.05.2022 | 23. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर में बस स्टैण्ड बनाये जाने की योजना है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भविष्य में हरिद्वार से लक्सर–खानपुर– मुजफ्फरनगर होते हुई दिल्ली के लिए बस का रुट बनाया जा सकता है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री भुवन चन्द्र कापड़ी<br>17.05.2022 | 24. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के वन चेतना मैदान में मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरुप स्टेडियम निर्माण की प्रगति रिपोर्ट क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त स्टेडियम का निर्माण कब तक पूर्ण हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.05.2022 | 25. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार कुल कितने मंगलदल तथा महिला मंगल दल हैं जो कि पंजीकृत व सक्रिय है ? क्या सरकार द्वारा युवक मंगल दलों तथा महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन हेतु वित्तीय सहायता दिए जाने का कोई प्राविधान किया गया है ? यदि हां, तो वह क्या है और आतिथि तक जनपदवार कुल कितने युवक मंगल दलों एवं महिला मंगल दलों को वित्तीय सहायता अथवा प्रोत्साहन राशि का भुगतान उनके संयुक्त बचत खातों में किया जा चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों | युवा कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेश जीना<br>18.05.2022 | **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–18 में स्थानान्तरित।**<br>26. क्या खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत एल.पी.जी. गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति हेतु घर–घर जाकर वितरण करने की व्यवस्था की गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि विधानसभा क्षेत्र सल्ट के नव निर्मित मार्गों पर बसे गांवों में आज भी एल.पी.जी. गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति नहीं की जा रही है ? क्या सरकार जनहित में सल्ट विधानसभा के नव निर्मित मार्गों पर बसे गांवों के लोगों के घरों तक एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर आपूर्ति सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| श्री प्रीतम सिंह<br>18.05.2022 | 27. क्या खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के बी0पी0एल0 परिवारों को मुफ्त गैस सिलेन्डर उपलब्ध कराने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>19.05.2022 | 28. क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रतापनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पड़िया, पाचरी एवं सेमण्डीधार में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य अवशेष धनराशि न मिलने के कारण अपूर्ण है ? यदि हां, तो कब तक सरकार उक्त स्टेडियम के निर्माण हेतु धनराशि जारी करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल एवं युवा कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.05.2022 | 29. क्या खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री अवगत हैं कि राज्य मे किसी युवती का विवाह होने के पश्चात तुरन्त राशन कार्ड से उसका नाम पृथक कर दिया जाता है, किन्तु ससुराल में राशन यूनिट में उसके नाम को जोड़ने में चार से पांच वर्ष लग जाते हैं ? क्या सरकार हजारों की संख्या में प्रतिवर्ष लम्बित ऐसे प्रकरणों के लिए विशेष सेल गठित कर नाम इन्द्राजी कर मायके से पृथक युवती का नाम ससुराल के राशनकार्ड में सम्बद्ध करने की कोई ठोस कार्ययोजना बनाकर ऐसे लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |

श्रीमती रेनू बिष्ट
24.05.2022

30. क्या खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री बतायेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत महिलाओं एवं युवतियों के लिए फल से सम्बन्धित बनने वाले सामग्री जैसे कि अचार, मुरब्बा एवं चटनी तथा अन्य कार्य के प्रशिक्षण के लिए कोई केन्द्र खोले गये है, उनकी संख्या कितनी है और वह कहां–कहां पर स्थित है एवं इस हेतु कितने लोगो को प्रशिक्षित किया गया है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि प्रशिक्षण के पश्चात कितने लोगो को रोजगार मिला है तथा कितने लोग लाभान्वित हुए है ? क्या मंत्री जी इसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

खादी एवं ग्रामोद्योग